प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–22.08.2023 (सं0–381)

National Cyber Crime Reporting Portal

राज्य में National Cyber Crime Reporting Portal के तहत संचालित 1930 टॉल फ्री नं0 को 30 लाइन के कॉल सेन्टर में परिणत किया गया है। यह कॉल सेन्टर दिनांक–26.02.2023 से कार्यरत है इस कॉल सेन्टर के कार्यरत होने के बाद से बड़ी संख्या में लोगों की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं और शत प्रतिशत शिकायतें सुनकर उनके निराकरण हेतु प्रयास किया जा रहा है। स्थापना काल से अब तक 1930 कॉल सेन्टर की उपलब्धियाँ निम्न प्रकार हैं:–

1. अब तक प्राप्त कुल कॉल की संख्या– 3,71,990
2. प्रतिदिन औसत प्राप्त कुल कॉल की संख्या– 2163
3. अब तक दर्ज कुल साइबर शिकायतों की संख्या– 19,178
4. प्रतिदिन औसत दर्ज साइबर शिकायतों की संख्या– 112
5. अब तक होल्ड करायी गयी कुल राशि– 11,76,22,342/– रुपये
6. प्रति दिन औसतन होल्ड करायी गयी राशि– 6,83,851/
7. पोर्टल के माध्यम से थानों में दर्ज कुल कांडों की संख्या– 1018

राज्य में साइबर अपराधों के खिलाफ प्रभावी एवं कारगर कार्रवाई हेतु कुल 44 साइबर थानों की स्थापना की गयी है। ये थाने दिनांक–09.06.2023 से राज्य के सभी जिलों (पुलिस एवं रेल जिलों समेत) में कार्यरत है। साइबर थानों में साइबर मामलों के जानकार पदाधिकारियों की पदस्थापना की गयी है और लोगों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है। दिनांक–31.07.2023 तक कुल 573 कांड इन साइबर थानों में दर्ज किये जा चुके हैं। दर्ज कांडों में टीम बनाकर उदभेदन किया जा रहा है। साइबर थानों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए आवश्यक हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराये जो रहे हैं।

इसके अलावा राज्य स्तर पर आर्थिक अपराध इकाई, बिहार, पटना में साइबर अपराधियों के संगठित गिरोह से निपटने हेतु साइबर इंटेलिजेन्स एवं साइबर ऑपरेशन दल का गठन किया गया है, जिनके द्वारा विगत महीनों में 3 बड़े अन्तर्राज्यीय गिरोहों का पर्दाफाश कर बड़ी संख्या में अपराधियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी की गयी है।

XXXXXX